तापमान



अधिकतम 29.9 डिग्री
न्यूनतम 8.5 डिग्री

हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, शनिवार 21 फरवरी 2026

11 सैनी कॉलेज की टीम ने खो-खो प्रतियोगिता में जीता ...



12 गढ़ी बोहर में 15 एकड़ में बनेगा नया जलघर



## शहर में अब नहीं है कोई सुरक्षितः हत्या, फायरिंग, अपहरण, लूटपाट और फिरौती मांगने के मामले लगातार आ रहे सामने, बदमाशों में नहीं कोई डर

*मौके पर गोली का खोल और खून के निशान मिले*

# खरावड़ में कार को घेरकर फायरिंग युवक को अगवाकर ले गए बदमाश

> दिनदहाड़े हुई वारदात से गांव में दहशत कानून व्यवस्था पर फिर उठे सवाल

> इस मामले को पुरानी रंजिश या किसी विवाद से जोड़कर की जा रही है जांच

> ग्रामीण बोले, भय के साये में जीने को मजबूर, ऐसी वारदातें बढ़ा रही चिंता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

जिले में अपराध की एक और सनसनीखेज घटना सामने आई है। गांव खरावड़ के पास अज्ञात बदमाशों ने एक ब्रेजा कार पर गोली चलाकर उसमें सवार युवक को जबरन अपनी गाड़ी में डालकर फरार हो गए। घटना की सूचना राहगीरों ने पुलिस को दी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस ने आस-पास के निजी व सरकारी अस्पतालों में भी तलाश शुरू कर दी है। वहीं, एफएसएल टीम इंचार्ज डॉ. सरोज दहिया ने भी मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है। मौके से गोली का खोल और खून के निशान मिले है।



**रोहतक।** मौके पर जांच करते पुलिस अधिकारी व एफएसएल इंचार्ज डॉ.सरोज दहिया। फोटो : हरिभूमि

### इलाके में दहशत

दिनदहाड़े हुई इस घटना से आसपास के गांवों में दहशत का माहौल है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस तरह की घटनाएं कानून-व्यवस्था पर सवाल खड़े करती हैं। ग्रामीणों ने पुलिस से सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए विशेष टीम गठित की गई है। जल्द ही आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा। फिलहाल पुलिस हर पहलू से जांच में जुटी हुई है और घटना से जुड़े सभी तथ्यों को सामने लाने का प्रयास किया जा रहा है।

### कई एंगल से जांच

पुलिस इस मामले को अपहरण, फायरिंग और आपराधिक साजिश जैसे विभिन्न पहलुओं से जांच रही है। अधिकारियों का कहना है कि युवक की पहचान और उसकी स्थिति स्पष्ट करना प्राथमिकता है। क्षेत्र में नाकाबंदी कर संदिग्ध वाहनों की जांच की जा रही है। पुलिस टीमों को आसपास के गांवों और संभावित ठिकानों पर भी भेजा गया है।

### राहगीरों ने दी सूचना

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, इस्माइला पुल के पास अचानक गोली चलने की आवाज सुनाई दी। मौके पर मौजूद लोगों ने देखा कि एक ब्रेजा कार को कुछ लोगों ने घेर लिया और फायरिंग की। इसके बाद कार से एक युवक को बाहर निकाला गया और उसे जबरन दूसरी गाड़ी में डालकर आरोपी फरार हो गए। घटना के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। राहगीरों ने तुरंत पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दी। सूचना मिलते ही संबंधित थाना पुलिस और अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे।

### मौके से साक्ष्य जुटाए

पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। जांच के दौरान एक गोली का खोल बरामद किया गया। इसके अलावा कार के अंदर और आसपास खून के निशान भी मिले हैं, जिससे आशंका जताई जा रही है कि युवक को गोली लग सकती है या उसे मारपीट कर घायल किया गया है। फोरेंसिक साइंस लैब (एफएसएल) की टीम भी मौके पर पहुंची। एफएसएल इंचार्ज डॉ. सरोज दहिया ने घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र किए और उन्हें जांच के लिए सुरक्षित किया। पुलिस का कहना है कि वैज्ञानिक जांच रिपोर्ट आने के बाद घटना की परिस्थितियां और स्पष्ट हो सकेंगी।

### खेड़ी साध के युवक की कार

जांच में सामने आया कि जिस ब्रेजा कार पर हमला हुआ, वह गांव खेड़ीसाध निवासी सत्यवान के नाम पर पंजीकृत है। हालांकि अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि घटना के समय कार में कौन सवार था और उसका सत्यवान से क्या संबंध है। पुलिस ने वाहन मालिक से संपर्क करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। साथ ही यह भी जांच की जा रही है कि घटना के पीछे पुरानी रंजिश, आपसी विवाद या किसी अन्य कारण की भूमिका तो नहीं है।

### नहीं मिली कोई शिकायत

चौंकाने वाली बात यह है कि घटना के संबंध में अब तक किसी भी व्यक्ति की ओर से औपचारिक शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि वे स्वतः संज्ञान लेकर मामले की जांच कर रहे हैं। पुलिस आसपास के क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है, ताकि आरोपियों की पहचान की जा सके और उनकी गतिविधियों का पता लगाया जा सके। इसके अलावा संभावित रूटों पर भी नजर रखी जा रही है। लेकिन कोई कामयाबी नहीं मिली है।

# इधर, डॉक्टर, व्यापारी व नेता के बाद अब किसान से भी मांगी रंगदारी

## » धमकी मिलने पर किलोई के लोगों में दहशत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

गांव किलोई में रंगदारी मांगने का एक और मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि इससे पहले क्षेत्र में कई व्यापारी और एक नेता से भी रंगदारी मांगने की चर्चाएं रही हैं, और अब गांव के एक किसान को निशाना बनाया गया है। पीड़ित किसान की शिकायत पर सदर थाना पुलिस ने गांव के ही चार युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना के बाद से गांव में भय और तनाव का माहौल बना हुआ है।

### घर पर मांगे 5 लाख रुपये

पीड़ित किसान सतीश पुत्र रामकिशन ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह खेतीबाड़ी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करता है। उसके घर के बाहर एक दुकान बनी हुई है, जिसे उसने किराए पर दे रखा है। करीब तीन दिन पहले गांव के ही चार युवक उसके घर पहुंचे और 5 लाख रुपये की मांग की। किसान के अनुसार आरोपियों ने साफ शब्दों में कहा कि रकम जल्द से जल्द पहुंचा दी जाए, अन्यथा अंजाम बुरा होगा। जब उसने इतनी बड़ी रकम देने में असमर्थता जताई तो उसे जान से मारने की धमकी दी गई। इस घटना के बाद परिवार के लोग बेहद डरे हुए हैं और घर से बाहर निकलने में भी हिचकिचा रहे हैं।

### इन युवकों पर लगे आरोप



शिकायत में जिन युवकों के नाम दर्ज कराए गए हैं, वे गांव किलोई के ही रहने वाले बताए जा रहे हैं। किसान ने हनी, अमित उर्फ बाबर, शक्तिमान उर्फ रोहित और विक्की उर्फ गोंडर को नामजद किया है। पीड़ित का आरोप है कि चारों युवक घर पर आए और खुलेआम 5 लाख रुपये की रंगदारी की मांग की। नहीं देने पर अंजाम भुगतने की धमकी भी दी।

### डर के कारण बदला ठिकाना

लगातार मिल रही धमकियों से घबराकर किसान का परिवार गांव के अंदर स्थित दूसरे मकान में रहने लगा है। सतीश ने बताया कि बच्चों और बुजुर्गों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह कदम उठाना पड़ा। परिवार को आशंका है कि आरोपी दोबारा आकर नुकसान पहुंचा सकते हैं। ग्रामीणों के अनुसार गांव में पहले इस तरह की घटनाएं कम सुनने को मिलती थीं, लेकिन हाल के मामलों ने लोगों को चिंता में डाल दिया है।

### हथियार दिखाया

घटना का एक और पहलू तब सामने आया जब किसान की किराये पर दी गई दुकान को लेकर विवाद हुआ। सतीश ने बताया कि उसने संभावित खतरे को देखते हुए किरायेदार को दुकान खाली करने के लिए कह दिया था। हालांकि अगले दिन जब दुकान खोली तो आरोपी पहुंच गए। युवकों ने किरायेदार को धमकाया और हथियार दिखाते हुए पूछा कि किसके कहने पर दुकान खोली गई है। इसके बाद दुकान को बंद करवा दिया गया।

### गश्त बढ़ाने की मांग

गांव किलोई में हालिया घटनाओं को लेकर लोगों में चिंता बढ़ गई है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते सख्त कार्रवाई नहीं हुई तो ऐसे तत्वों के हौसले बुलंद हो सकते हैं। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि गांव में गश्त बढ़ाई जाए और संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी जाए। उनका कहना है कि किसानों और व्यापारियों को सुरक्षा का भरोसा मिलना जरूरी है, ताकि वे बिना भय के अपना काम कर सकें।

### चार युवक नामजद

> गांव किलोई के एक व्यक्ति द्वारा रंगदारी मांगने की शिकायत दी गई है। शिकायत के आधार पर चार नामजद युवकों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों की तलाश जारी है और जल्द ही उन्हें काबू कर लिया जाएगा। अधिकारियों के अनुसार मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच को प्राथमिकता दी जा रही है।
>
> *-सुरेंद्र कुमार, एसएचओ, सदर थाना*

# मैकेनिक के साथ मारपीट, सीने पर तानी पिस्तौल



**महम।** किशनगढ़ गांव में एक मैकेनिक के साथ मारपीट करने और कनपटी पर पिस्तौल लगाकर जान से मारने की धमकी देने का मामला प्रकाश में आया है। महम थाने में दी शिकायत में किशनगढ़ गांव निवासी मंजीत पुत्र तेजभान ने बताया कि वह एसी और फ्रीज ठीक करने का काम करता है। वह अपने दोस्त मोनू पुत्र सुभाष के साथ खेत में खाद छिड़कवाने के लिए गया हुआ था। उसके पास एक फोन आया, जिसमें कॉल करने वाला उसके साथ गाली गलौच करने लगा और उसको जान से मारने की धमकी दी। उससे पूछा कि तुम कहां पर हो। उसने बताया कि वह अपने दोस्त मोनू के खेत में है। कुछ देर बाद उसके पास एक सफेद रंग की स्कॉर्पियो गाड़ी आई।

### स्कॉर्पियो सवारों ने रोका रास्ता

स्कॉर्पियो में चार व्यक्ति थे। जिनमें सोमबीर पुत्र रघबीर, दीपक पुत्र महेंद्र, सीटू नाई और एक अन्य व्यक्ति शामिल थे। उन्होंने उसका रास्ता रोक लिया। उसको डंडों से मारपीट की और सुए मारे। दीपक ने देसी कट्टा सीने पर लगा दिया। शिकायतकर्ता ने बताया कि वह जान बचाने के लिए वहां से भाग गया। हमलावर उसे धमकी देकर वहां से भाग गए। आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। पुलिस ने इस संबंध में सोमबीर, दीपक, बिटू नाई और उनके एक अन्य साथी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया।




### महिला से 11.460 ग्राम हेरोइन बरामद



**रोहतक।** पुलिस टीम ने गश्त के दौरान एक महिला को नशीले पदार्थ सहित गिरफ्तार किया है। महिला के कब्जे से 11.460 ग्राम हेरोइन बरामद हुई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया। प्रभारी एएनसी स्टाफ पीएसआई मनोज कुमार ने बताया कि टीम गश्त पर थी। इस दौरान रैनकपुरा के पास एक महिला संदिग्ध नजर आई। पुलिस ने शक के आधार पर महिला को रोककर तलाशी ली। तलाशी में महिला के कब्जे से 11.460 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। गिरफ्तार महिला की पहचान शीला, निवासी रैनकपुरा के रूप में हुई है।

### दो बाइकों की टक्कर में व्यक्ति की मौत

**महम।** महम के गांव बहलबा के पास हुए एक सड़क हादसे में एक बाइक सवार युवक की मौत हो गई। जबकि दो युवक घायल हो गए। इस संबंध में मृतक युवक के पिता ने महम थाने में शिकायत दी है। पुलिस को दी शिकायत में बहलबा गांव के पाना बुचाण निवासी कुलदीप पुत्र दरिया ने बताया कि उसका बेटा देवेंद्र अपने मोटर साइकिल पर महम से बहलबा गांव जा रहा था। उसके साथ उसका दोस्त बहलबा गांव निवासी प्रमोद पुत्र कृष्ण भी था। जब उसका बेटा बहलबा पट्रोल पंप के पास पहुंचा तो बहलबा गांव की ओर से आ रही बाइक ने उसको टक्कर मार दी। टक्कर से बेटा देवेंद्र, दोस्त प्रमोद और रमेश निवासी महम भी घायल हो गया। सभी को महम के नागरिक अस्पताल में भर्ती करवाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसके बेटे देवेंद्र को मृत घोषित कर दिया।

**महम के बहलबा के पास हादसा**



**खबर संक्षेप**

### गांवों में सरकारी स्कूल पर खर्च होंगे 9 करोड़

**रोहतक।** जिले के 7 गांवों के विद्यालयों के नए भवनों तथा तीन गांवों में 17 क्लासरूम के निर्माण पर 9 करोड़ 21 लाख 68 हजार रुपये की राशि खर्च की जाएगी। इसी तरह 6 गांवों में विद्यालयों के भवन की मरम्मत व रखरखाव, चारदीवारी व अतिरिक्त क्लासरूम के निर्माण पर 56.71 लाख व गांव लाहली स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय में 8 कक्षा कक्षों, एक लड़कियों के शौचालय, चार लडक़ों के शौचालय एवं वाटर टैंक के निर्माण पर 87. 37 लाख खर्च होंगे। शुगर मिल कॉलोनी स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय में 6 कक्षों, 4 शौचालय एवं चारदीवारी के निर्माण पर 73 लाख एक हजार की राशि खर्च की जाएगी।

### 7 मार्च से कार्यशालाएं आयोजित करेगी भाजपा

**रोहतक।** भाजपा कार्यालय 'मंगलकमल' में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान-2026 के तहत प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष एडवोकेट रणवीर सिंह ढाका ने की। अभियान का उद्देश्य मंडल से लेकर शक्ति केंद्र और बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं को वैचारिक रूप से सशक्त, संगठनात्मक रूप से सक्षम और समाज सेवा के प्रति समर्पित बनाना है। प्रदेश महामंत्री डॉ. अर्चना गुप्ता ने कार्यकर्ता निर्माण विषय पर बोलते हुए कहा कि प्रशिक्षण केवल कार्यक्रम नहीं, बल्कि कार्यकर्ता को गढ़ने और उसे राष्ट्र निर्माण के लिए तैयार करने की प्रक्रिया है।

## निगम आयुक्त की बैठक में अधिकारियों को निर्देश, 19,700 रुपये के चालान काटे

# शहर में सफाई व्यवस्था पर सख्ती, लापरवाही पर अधिकारी की तय होगी जिम्मेदारी: डॉ. शर्मा

**जनप्रतिनिधियों, निगम व लोगों की संयुक्त भागीदारी से क्षेत्र को बना सकते हैं स्वच्छ**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शहर की स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए नगर निगम ने सख्त रुख अपनाया है। नगर निगम आयुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने सफाई शाखा के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ बैठक कर स्पष्ट निर्देश दिए कि शहर की मुख्य सड़कों, बाजारों, आवासीय कॉलोनियों और सार्वजनिक स्थलों पर नियमित, समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण सफाई सुनिश्चित की जाए।

आयुक्त ने कहा कि कचरा उठान, सड़क स्वीपिंग, नालियों की सफाई और सार्वजनिक स्थानों की साफ-सफाई में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सफाई कार्यों की नियमित निगरानी की जाएगी और जहां भी कमी पाई जाएगी, संबंधित अधिकारी या कर्मचारी की जिम्मेदारी तय कर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि नगर निगम के पास अब पर्याप्त संसाधन उपलब्ध हैं, इसलिए उनका सही उपयोग करते हुए निरंतर मॉनिटरिंग की जाए। सार्वजनिक स्थानों पर कचरा फैलाने, नालियों में गंदगी डालने, सिंगल यूज प्लास्टिक बेचने और स्वच्छता नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ नियमानुसार चालान करने के निर्देश भी दिए गए हैं। बैठक में संयुक्त आयुक्त नमिता कुमारी, कार्यकारी अभियंता मंजीत दहिया, सहायक अभियंता सत्यव्रत, मुख्य सफाई निरीक्षक सचिन, कनिष्ठ अभियंता सूर्या धनखड़, सहायक सफाई निरीक्षक नरेन्द्र, परमजीत, सुमित फौगाट, कृष्ण लाल, प्रदीप कुमार, संदीप राठी, सुशील कुमार आदि उपस्थित रहे।



**रोहतक।** सफाई शाखा के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ बैठक लेते नगर निगम आयुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ।



**रोहतक।** सफाई कर अभियान का शुभारंभ करते वार्ड सदस्य अंजू सैनी एवं वार्ड सदस्य बिजेंद्र हुड्डा। *फोटो : हरिभूमि*

> मुख्य सड़कों, बाजारों, कॉलोनियों व सार्वजनिक स्थलों पर नियमित, समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण सफाई सुनिश्चित हो

### कुल 12 चालान किए गए

निगम टीम ने मुख्य मार्गों और बाजारों का निरीक्षण कर कुल 12 चालान किए, जिनसे 19,700 रुपये का जुर्माना वसूला गया। इनमें दो चालान गंदगी फैलाने पर 700 रुपये तथा 10 चालान सिंगल यूज प्लास्टिक बेचने पर 19,000 रुपये के किए गए। एक दुकानदार द्वारा अत्यधिक गंदगी फैलाने पर मौके पर चालान करने के साथ उससे सफाई भी करवाई गई और भविष्य में नियमों का पालन करने की चेतावनी दी गई।

## वार्ड-8 व 9 में जनभागीदारी से चलाया विशेष सफाई अभियान

**रोहतक।** शहर की सफाई व्यवस्था को लेकर नगर निगम काफी गंभीर है। दिन-रात निगम क्षेत्र में सफाई कार्य करवाया जा रहा है। प्रतिदिन स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के तहत जनभागीदारी से विषेष सफाई अभियान चलाए जा रहे है। शुक्रवार इसी कड़ी में नगर निगम द्वारा वार्ड-8 एवं 9 में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। यह अभियान सुखपुरा चौक से लेकर पीर-बोधि तक नगर निगम सीमा क्षेत्र में आयोजित किया गया, जिसका नेतृत्व वार्ड सदस्य अंजू सैनी एवं बिजेंद्र हुड्डा द्वारा किया गया है। नगर निगम आयुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने बताया कि अभियान के दौरान मुख्य सड़क, सड़क किनारे, नालियों, सार्वजनिक स्थलों एवं आसपास के क्षेत्रों में जमा कचरा, मिट्टी, पालिथीन व अन्य कूड़े का साफ किया गया। सफाई अभियान का उद्देश्य क्षेत्र को स्वच्छ बनाना, आवागमन को सुचारू रखना तथा नागरिकों को स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराना रहा। नगर निगम द्वारा प्रतिदिन विषेष सफाई अभियान निरंतर चलाए जाएंगें। विशेष सफाई अभियान के दौरान वार्ड सदस्यों ने नागरिकों से अपील की कि वे नगर निगम द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छता अभियानों में सहयोग करें, कूड़ा नगर निगम की कूड़ा लेने वाली गाड़ी में डालें, गीले व सूखे कचरे को अलग-अलग रखें तथा गंदगी न फैलाए तथा अन्य को भी रोके।

> गीले व सूखे कचरे को अलग-अलग रखें

### कार्यशाला का आयोजन

वैश्य गर्ल्स कालेज में कचरा प्रबंधन को लेकर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया जिस दौरान छात्राओं एवं स्टाफ को कचरा प्रबंधन, गीले व सूखे कचरे को अलग-अलग करने, कचरे का पुन उपयोग तथा स्वच्छता के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यशाला का उद्देश्य युवाओं में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा उन्हें स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के अंतर्गत शहर को स्वच्छ बनाने में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करना रहा।

# 70 से अधिक स्नातकोत्तर एवं शोधार्थियों के मार्गदर्शक प्रो. सोमनाथ

■ कुरुक्षेत्र विवि के कुलपति को एमडीयू का कार्यभार मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा।

अनुसंधान क्षेत्र में उनका योगदान अत्यंत उल्लेखनीय है। उन्होंने 70 से अधिक स्नातकोत्तर एवं शोधार्थियों का मार्गदर्शन किया तथा 100 से अधिक शोध-पत्र राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय पत्रिकाओं में प्रकाशित किए। तीन ग्रंथ और छह ग्रंथ-अध्यायों के लेखक प्रो. सचदेवा को इंडियन रोड्स कांग्रेस की शोध पत्रिका में प्रकाशित आलेख के लिए स्वर्ण पदक एवं श्रेष्ठ शोध-पत्र सम्मान प्राप्त हुआ। विदेश में आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में भी उन्हें श्रेष्ठ शोध-पत्र पुरस्कार से सम्मानित किया गया। अनुसंधान कार्य के क्रम में उन्होंने यूनिवर्सिटी ऑफ़ कैंब्रिज तथा जहेजिआंग वानली यूनिवर्सिटी सहित अनेक प्रतिष्ठित संस्थानों का भ्रमण किया। राजमार्ग अभियांत्रिकी के क्षेत्र में वे उत्तर भारत के प्रमुख परामर्शदाताओं में प्रतिष्ठित हैं। लगभग 25 वर्षों से वे मार्ग अभिकल्प, यातायात अध्ययन, परिवहन नियोजन, सामग्री परीक्षण और गुणवत्ता नियंत्रण जैसे कार्यों में शासन एवं निजी संस्थाओं को तकनीकी मार्गदर्शन प्रदान कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत हरियाणा में राज्य तकनीकी अभिकरण के समन्वयक के रूप में उन्होंने लगभग दो हजार करोड़ रुपये मूल्य की ग्रामीण सड़कों के सुदृढ़ीकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिसके लिए राज्य शासन द्वारा विशेष सराहना की गई। प्रशासनिक दायित्वों में भी उन्होंने विभागाध्यक्ष, छात्रावास अधीक्षक, परीक्षा प्रभारी तथा छात्र कल्याण संबंधी पदों का सफल निर्वहन किया। वे लगभग पंद्रह वर्षों तक राष्ट्रीय कैडेट कोर में अधिकारी रहे और कप्तान पद धारण किया।

### प्रो. सोमनाथ ने राज्यपाल और सीएम का आभार जताया

**रोहतक।** कुरुक्षेत्र विवि के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने एमडीयू कुलपति का कार्यभार मिलने पर प्रदेश के राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष तथा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार जताया है। हरियाणा राजभवन की ओर से जारी अधिसूचना में प्रो. असीम कुमार घोष राज्यपाल हरियाणा एवं कुलाधिपति महर्षि दयानंद विवि रोहतक ने विश्वविद्यालय ने महत्वपूर्ण आदेश करते हुए कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा को महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक के कुलपति का अतिरिक्त प्रभार सौंपा है। यह आदेश 21 फरवरी से प्रभावी होगा और नियमित कुलगुरु की नियुक्ति होने तक लागू रहेगा। प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि सरकार ने उनको महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय का कुलपति पद का कार्यभार सौंपा है उनके लिए सम्मान और जिम्मेदारी दोनों है। उन्होंने आश्वासन दिया कि वे एमडीयू विश्वविद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता, अनुसंधान उन्नयन और प्रशासनिक पारदर्शिता को और सुदृढ़ करने के लिए पूर्ण समर्पण और निष्ठा के साथ कार्य करेंगे। कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के नेतृत्व में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय ने उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। उनके मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय को नैक द्वारा सर्वोच्च ए++ ग्रेड प्राप्त हुआ तथा पूरे भारत में राष्ट्रीय शिक्षा नीति -2020 को सर्वप्रथम प्रभावी रूप से लागू करने के लिए हरियाणा सरकार द्वारा कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय को प्लेटिनम अवार्ड से सम्मानित किया गया।

## एमडीयू में कार्यकाल की पूर्णता पर कुलपति प्रो. राजबीर का अभिनंदन

■ कुलपति सचिवालय में विदाई समारोह का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) में कुलपति प्रो. राजबीर सिंह कार्यकाल पूर्ण होने पर शुक्रवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कुलपति सचिवालय में आयोजित इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय परिवार के शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी एवं विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

कुलपति प्रो. राजबीर सिंह राजबीर सिंह के विदाई समारोह में उनके भाई जज जगदीप सिंह भी पहुंचे। परिवार की तरफ से जज जगदीप सिंह ने शामिल होकर उन्हें को बधाई दी और उनके स्वस्थ जीवन की कामना की। समारोह को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि प्रो. राजबीर सिंह विश्वविद्यालय के इतिहास में सबसे लंबे समय तक सेवा देने वाले कुलपति रहे हैं। कार्यभार संभालने के बाद उनके नेतृत्व में एमडीयू ने अकादमिक, शोध, प्रशासनिक और छात्र कल्याण के क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति की। डीन, अकादमिक कार्य प्रो. एस. सी. मलिक ने स्वागत संबोधन में बताया कि कुलपति प्रो. राजबीर सिंह के मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय में शोध संस्कृति को मजबूती मिली।

### कांग्रेस ने देश की छवि धूमिल करने का प्रयास किया: शमशेर सिंह

**रोहतक।** हरियाणा भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश मीडिया सह-प्रभारी शमशेर सिंह खरक ने युवा कांग्रेस के हालिया प्रदर्शन पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह लोकतांत्रिक विरोध नहीं, बल्कि सुनियोजित अराजकता है। उन्होंने कहा कि जब पूरा विश्व भारत की बढ़ती तकनीकी शक्ति और प्रधानमंत्री के विजन को स्वीकार कर रहा है, तब इस प्रकार की हरकतें देश की छवि को धूमिल करने का प्रयास है। खरक ने कहा कि हाल ही में आयोजित अंतरराष्ट्रीय एआई सम्मेलनों में भारत को वैश्विक डिजिटल शक्ति के रूप में मान्यता मिली है। भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा इंटरनेट उपयोगकर्ता देश है, जहां 90 करोड़ से अधिक इंटरनेट उपभोक्ता हैं।

# गांव रिटौली की प्रमुख समस्याओं का जल्द होगा समाधान : उपायुक्त

■ ग्राम पंचायत की ओर से मंजीत दलाल तथा सतगामा प्रधान श्रीपाल ने सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

उपायुक्त सचिन गुप्ता ने कहा कि प्रशासन द्वारा रिटौली गांव की सभी प्रमुख समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करवाया जायेगा तथा गांव की सभी मांग भी पूरी होंगी। प्राइमरी विद्यालय के भवन की 15 लाख तथा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के भवन की 27 लाख रुपये की लागत से मरम्मत का एस्टीमेट सरकार को भेजा गया है। डीसी शुक्रवार को रिटौली के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में लोगों की समस्याएं सुन रहे थे। उन्होंने ग्रामीणों की समस्याओं की सुनवाई करते हुए आश्वस्त किया कि जिला प्रशासन द्वारा संबंधित विभागों के माध्यम से सभी समस्याओं का शीघ्र समाधान करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों के लिए पर्याप्त फंड उपलब्ध है।





**रोहतक।** ग्रामीणों को सम्मानित करते उपायुक्त सचिन गुप्ता व अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार। *फोटो : हरिभूमि*

## छात्राओं ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर अपनी प्रतिभा दिखाई

■ वैश्य महिला महाविद्यालय में वाद-विवाद स्पर्धा आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

वैश्य महिला महाविद्यालय के मनोविज्ञान एवं भूगोल विभाग द्वारा संयुक्त रूप से वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसका विषय था कृत्रिम बुद्धिमत्ता। इसमें कुल 35 छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्राओं को कृत्रिम बुद्धिमत्ता के फायदे और नुकसान से अवगत कराना और उनके सोचने की क्षमता को बढ़ावा देना था। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. रश्मि गुप्ता ने विजेता छात्राओं को पुरस्कृत किया और उन्हें आगे के लिए शुभकामनाएं दीं। इस प्रकार की गतिविधियां छात्राओं के व्यक्तित्व विकास और आत्मविश्वास को मजबूत करने में मदद करती हैं। कार्यक्रम का संचालन विभागाध्यक्ष डॉ. वैशाली गुप्ता एवं किरण बाला ने किया। निर्णायक मंडल की भूमिका डॉ. सुरजीत कौर, डॉ. रेनु जैन और डॉ. भुवेश रतन ने निभाई। प्रतियोगिता में गुरप्रीत और पायल की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, मोबिना की टीम को द्वितीय स्थान मिला, जबकि नंदिनी की टीम ने तृतीय स्थान हासिल किया। गुंजन की टीम को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। विजेता टीमों को प्रमाण पत्र और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

# विस में गूंजेगा शिवाजी कॉलोनी मार्केट और कच्चा बेरी रोड अंडरपास का मुद्दा

■ विधायक भारत भूषण बत्रा ने बजट सत्र में लगाए तारांकित प्रश्न दुकानदारों के हक और जाम से राहत पर सरकार से मांगा जवाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

विधायक भारत भूषण बत्रा हरियाणा विधानसभा के बजट सत्र में अपने रोहतक से जुड़े दो अहम मुद्दे उठाने वाले हैं। विधायक ने शिवाजी कॉलोनी मार्केट की 41 दुकानों और कच्चा बेरी रोड पर प्रस्तावित अंडरपास को लेकर सरकार से तारांकित प्रश्न के माध्यम से जवाब मांगा है। बत्रा ने कहा कि वे क्षेत्र की जनता की समस्याओं को सदन में मजबूती से उठाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उनका कहना है कि जनसेवा उनके लिए राजनीति नहीं, बल्कि जिम्मेदारी है। 25 साल से जो दुकानदार किराया दे रहे है अब उनके मालिकाना हक पर सवाल उठाए जा रहे है। शिवाजी कॉलोनी मार्केट को लेकर बत्रा ने शहरी स्थानीय निकाय मंत्री से पूछा है कि क्या 41 दुकानें नगर निगम रोहतक की हैं और क्या उनका हस्तांतरण 'राइट ऑफ वे' के आधार पर रोका गया था? उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि संबंधित सड़क क्या कभी पीडब्ल्यूडी के अधीन थी या वह नगर निगम ही है, जिसने इन दुकानों का निर्माण किया था? सदन में जानना चाहा है कि जब 25 वर्षों से अधिक समय से नगर निगम इन दुकानों का किराया वसूल रहा है, तो क्या सरकार दुकानदारों को विशेष मामले के रूप में मालिकाना हक देने पर विचार कर रही है।

### रोहतक हित में हर मंच पर आवाज उठाऊंगा : बत्रा

विधायक भारत भूषण बत्रा ने कहा कि वे रोहतक के विकास और नागरिकों के अधिकारों के लिए सदन के भीतर और बाहर निरंतर प्रयास करते रहेंगे। उन्होंने उम्मीद जताई कि सरकार इन दोनों मुद्दों पर स्पष्ट जवाब देगी और सकारात्मक निर्णय लेगी।

## पहले दिन ग्वालियर का किला, जय विलास पैलेस व गुरुद्वारा पहुंचे

# सुपवा के छात्रों ने देखी ऐतिहासिक वास्तुकला और चित्रकारी

*शैक्षणिक भ्रमण पर हैं विजुअल आर्ट्स के छात्र-छात्राएं*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

दादा लख्मी चंद स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ परफॉर्मिंग एंड विजुअल आर्ट्स (डीएलसीसुपवा) के छात्रों ने ग्वालियर का भ्रमण कर वहां की ऐतिहासिक वास्तुकला व चित्रकारी को करीब से देखा। यह छात्र-छात्राएं यूनिवर्सिटी की ओर से शैक्षणिक भ्रमण पर हैं, जिसके पहले दिन उन्होंने ग्वालियर में जय विलास पैलेस, ग्वालियर फोर्ट व गुरुद्वारे में समय बिताया। सुपवा के विजुअल आर्ट्स डिपार्टमेंट के एफसी विनय कुमार ने बताया कि बैचलर ऑफ विजुअल आर्ट्स के तृतीय वर्ष और मास्टर ऑफ विजुअल आर्ट्स के द्वितीय वर्ष के छात्र-छात्राएं इन दिनों शैक्षणिक भ्रमण पर देश के विभिन्न ऐतिहासिक शहरों और इनमें मौजूद इमारतों का अध्ययन करने गए हैं। पहले दिन उन्होंने ग्वालियर में सिंधिया वंश के जय विलास पैलेस को देखा। यह इंडो-सारसेनिक और 19वीं सदी की यूरोपीय वास्तुकला का एक शानदार मिश्रण है। महल के म्यूजियम में कला, ऐतिहासिक वस्तुएं और शाही स्मृति चिन्हों का प्रभावशाली संग्रह प्रदर्शित किया गया है, जो भारत के शाही अतीत की भव्य जीवनशैली की झलक प्रदान करते हैं। यहां शानदार फर्नीचर, दुर्लभ पांडुलिपियां और अद्भुत यूरोपीय चित्रकारी छात्रों ने करीब से देखी। महल का दरबार हॉल, भव्य झूमरों और सजावट वाली छत के साथ भारतीय विरासत का अनूठा उदाहरण है, जो वास्तुकला के शौकीनों को अपनी ओर आकर्षित करता है।



### भारी बलुआ पत्थर की दीवारें देखीं

इसके बाद ग्वालियर फोर्ट का भ्रमण किया। पत्थरों की चोटी पर स्थित 8वीं सदी का यह प्राचीन किला भारतीय वास्तुकला और इंजीनियरिंग का बेजोड़ उदाहरण है। भारी बलुआ पत्थर की दीवारें, भग्नावशेष और द्वार युद्धों, राजवंशों व कथाओं की कहानियां कहते प्रतीत होते हैं। नक्काशीदार जैन मंदिर, भव्य मान सिंह महल और शांत सास-बाई मंदिर बेहतरीन चित्रकारी का उदाहरण पेश करते नजर आते हैं। शाम के समय गुरुद्वारा दाता बंदी छोड़ साहिब, ग्वालियर में छात्रों ने श्रद्धा के साथ शीश नवाया और इसका अवलोकन किया।

### यह बोले-कुलपति

डीएलसीसुपवा के कुलगुरु डॉ अमित आर्य ने बताया कि ऐतिहासिक धरोहर, वास्तुकला, चित्रकारी व अन्य साज-सज्जा से विजुअल आर्ट्स के छात्रों को अवगत कराना यूनिवर्सिटी का नैतिक दायित्व है। पढ़ाई के साथ जब वे इन सभी बारीकियों को करीब से देखेंगे तो वे अपने कोर्स की महता और अधिक समझ पाएंगे। उन्हें इस बात का आभास होगा कि किसी भी घर, बिल्डिंग, महल, किला, होटल, भवन आदि की साज-सज्जा में विजुअल आर्ट्स का कितना महत्व है। डॉ आर्य ने कहा कि इस तरह के शैक्षणिक टूर छात्रों के लिए ज्ञानवर्धक साबित होते हैं और इनके आयोजन के लिए सुपवा कृतसंकल्प है।

### कुपोषण और एनीमिया के लिए प्रति किया जागरूक



**रोहतक।** मेडिकल सर्विस सेंटर की टीम ने शहर के झुग्गी-झोपड़ी क्षेत्र में मासिक धर्म स्वच्छता जागरुकता अभियान के साथ-साथ डी-वॉर्मिंग (कृमिनाशन) अभियान का आयोजन किया। यह इस क्षेत्र में आयोजित किया गया पांचवां मासिक अभियान था, जिसका उद्देश्य महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। इससे पहले सेंटर की टीम पांच सौ से ज्यादा महिलाओं को बीमारियों से बचाव के लिए जागरुक कर चुकी है। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र में रहने वाली महिलाओं के साथ मासिक धर्म स्वच्छता, पोषण और व्यक्तिगत स्वास्थ्य पर विस्तृत चर्चा की गई। टीम ने महिलाओं को मासिक धर्म के दौरान साफ-सफाई बनाए रखने के महत्व के बारे में बताया और गंदे कपड़ों के स्थान पर सैनिटरी पैड के उपयोग के लिए प्रेरित किया। उनकी आर्थिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए निःशुल्क सैनिटरी पैड भी वितरित किए गए। इस अभियान के अंतर्गत 1 से 19 वर्ष तक के बच्चों को निःशुल्क टैबलेट वितरित की गई। एमएससी रोहतक यूनिट के सचिव डॉ. सचिन ने बताया कि कई बच्चे नियमित रूप से स्कूल नहीं जा पाते, जिसके कारण वे विद्यालयों में दी जाने वाली कृमिनाशक दवा से वंचित रह जाते हैं।

## खबर संक्षेप



रोहतक। सम्मेलन को लेकर व्यापक जनसंपर्क अभियान के दौरान पोस्टर दिखाते श्री महादेव हिंदू सम्मेलन समिति के सदस्य। फोटो: हरिभूमि

### 22 को देसराज मंदिर में होगा हिंदू सम्मेलन

रोहतक। घनीपुरा स्थित समाधि बाबा देसराज मंदिर में 22 फरवरी को कार्यक्रम का आयोजन होगा। श्री महादेव हिंदू सम्मेलन समिति के तत्वावधान में आयोजित होने वाला हिंदू सम्मेलन अब जनभागीदारी और व्यापक उत्साह के साथ एक विराट स्वरूप में दिखाई देगा। आयोजन को भव्य और यादगार बनाने के लिए तैयारियां जोरों पर हैं। मंदिर परिसर में प्रबंधक समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें कार्यक्रम की रूपरेखा, मंच व्यवस्था, अतिथियों के स्वागत, सुरक्षा, पार्किंग, पेयजल, बैठने की व्यवस्था और जनसंपर्क अभियान जैसे सभी प्रमुख बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा कर अंतिम रूप दिया गया।

### नैतिक मूल्यों का विकास समाज के लिए आवश्यक

सांपला। सर छोटूराम कन्या महाविद्यालय में शुक्रवार को महिला प्रकोष्ठ, एंटी ड्रग्स सेल एवं लीगल लिटरेसी सेल की तरफ से व्याख्यान आयोजित किया गया। राजकीय पीजी कॉलेज से अर्थशास्त्र विभाग से प्रो सत्यवान वक्ता रहे। उन्होंने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि नैतिक मूल्यों का विकास व्यक्ति और समाज दोनों के सशक्त निर्माण के लिए अत्यंत आवश्यक है।

## एमडीयू इन्टर कॉलेज टूर्नामेंट: रोहतक की टीम ने दिखाया दमखम

# सैनी कॉलेज की टीम ने खो-खो प्रतियोगिता में जीता स्वर्ण पदक





हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

■ खेलों में भागीदारी छात्रों के समग्र विकास के लिए आवश्यक

सैनी (सह-शिक्षा) कॉलेज की टीम ने एमडीयू द्वारा आयोजित इन्टर कॉलेज खो-खो (पुरूष वर्ग) टूर्नामेंट में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। टूर्नामेंट का उद्घाटन धर्म सिंह दहिया (प्रधान, सैनी कॉलेज कार्यकारिणी समिति) ने किया। टूर्नामेंट संयोजक के रूप में कॉलेज के प्राचार्य प्रो. भीम सिंह पंवार ने आयोजन का सफल संचालन किया। इस प्रतियोगिता में दूसरे स्थान पर राजकीय कॉलेज जसिया और तीसरे स्थान पर एल.एन. हिंदू कॉलेज, रोहतक रही। आयोजन के दौरान धर्म सिंह दहिया और प्रो. भीम सिंह पंवार ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया और बताया कि शिक्षा के साथ खेलों में भागीदारी विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए आवश्यक है। इस अवसर पर सैनी एजुकेशन सोसायटी के सचिव जगदीश सैनी, सोसायटी सदस्य राजेश सैनी, कॉलेज कार्यकारिणी समिति के उपप्रधान देवेन्द्र सैनी, महासचिव प्रदीप सैनी, कोषाध्यक्ष विपिन सैनी, प्रो. अजय कुमार जून (राजकीय कॉलेज दुजाना), प्रो. बसन्त कुमार, डॉ. मनदीप हुड्डा, प्रो. संदीप कुमार (राजकीय कॉलेज, जशोहर खेड़ी) समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में राजकीय कॉलेज जसिया, यूटीडी एमडीयू, राजकीय कॉलेज दुजाना, एलएन हिंदू कॉलेज रोहतक और सैनी कॉलेज सहित कई टीमों ने भाग लिया। टूर्नामेंट की ऑफिशियल कमेटी में निर्णायकों के रूप में कोच शिव कुमार, गुलशन, मासूम सैनी, नीरज कुमार, मनजीत कुमार ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया

सांपला। बिजली वितरण निगम स्टाफ की तरफ से शुक्रवार को खिलाड़ियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें आबूधाबी में 4 मेडल जीतने वाले खिलाड़ी रणबीर मलिक और हरिओम का फूल और नोटों की माला पहनाकर स्वागत किया गया। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों ने विभाग का विदेशों में भी नाम रोशन किया है। सम्मान समारोह में अमित, अंकित व सुनील कुमार, प्रधान प्रवेश, जयबीर, तकदीर,संजीप, दीपक, भारत आदि उपस्थित थे।

### प्रो कबड्डी लीग के लिए पटना पाइरेट्स ने दिनेश को असिस्टेंट कोच नियुक्त किया

रोहतक। प्रो कबड्डी लीग के लिए पटना पाइरेट्स ने रोहतक के कोच दिनेश खरब को असिस्टेंट कोच नियुक्त किया। दिनेश खरब को अगले दो साल के लिए नियुक्त किया है। रोहतक में खेल प्रतिभाओं को निखारने में कोच दिनेश जुटे हैं। पिछले 8 वर्षों से स्थानीय खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दे रहे है। दिनेश ने बताया कि उनके मार्गदर्शन में अब तक 25-30 खिलाड़ी नेशनल स्तर पर अपनी पहचान बना चुके हैं। उनका प्रशिक्षण केवल खेल के मैदान तक ही सीमित नहीं है, बल्कि उनके सिखाए हुए 10-12 युवा भारतीय सेना में भर्ती होकर देश की सेवा कर रहे हैं। इसके अलावा उनके 4-5 शिष्यों ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी देश का प्रतिनिधित्व किया है।अपनी व्यक्तिगत खेल यात्रा के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा कि उन्होंने 1995 में कबड्डी खेलना शुरू किया था। वर्ष 1997 में जूनियर नेशनल खेलने के बाद, उनके शानदार प्रदर्शन के आधार पर सन 2000 में वे भारतीय सेना में भर्ती हुए। 2000 से 2017 तक उन्होंने सेना और सर्विसेज की टीम की ओर से नेशनल स्तर पर खेला। सेना में रहते हुए उन्होंने नेताजी सुभाष राष्ट्रीय खेल संस्थान (एनआईएस) से कोचिंग का डिप्लोमा किया और 2015 से 2017 तक सेना की टीम को प्रशिक्षण दिया।




कोच दिनेश खरब।



### ऋषिकेश में हुआ अध्यात्म उपनिषद का आविर्भाव

रोहतक। समर्थगुरु सिद्धार्थ औलिया मुरथल आश्रम से वीरवार को वेद निकेतन धाम,ऋषिकेश पहुंचे जहां उन्होंने अध्यात्म उपनिषद का आविर्भाव किया। अध्यात्म यानी आत्मा का अध्ययन की आवश्यकता एवं संसार में इतने कम लोगों की रुचि क्यों है,बारे में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि अध्यात्म की चार सीढ़ियां हैं;साधक के जीवन में एक अनुभव प्राप्त गुरु यानी कामिल मुर्शिद की आवश्यकता के बारे में उन्होंने समझाया। उन्नीस से बाईस फ़रवरी तक चलने वाले अध्यात्म उपनिषद के साथ-साथ ओशोधारा के प्रथम तल का प्रोग्राम सिद्धार्थ ध्यान योग भी आयोजित किया जा रहा है। सम्यक दृष्टि, सम्यक जाग्रति, सम्यक ध्यान, सम्यक कर्म इत्यादि के आचार्य दलशेर, आचार्य कुलदीप व आचार्य ध्यान रवि ने सुंदर सैशन लिए। रोहतक से डॉक्टर परमवीर फोगाट,आचार्य अनहद, विशाल, आशा, मोनिका, सीमा, डायरेक्टर विकास डांडा, सुरेंदर मोर,अधीक्षक अभियंता राहुल चहल, प्रेस मीडिया प्रभारी संदीप नैन प्रोग्राम में भाग ले रहे हैं।



### वैश्य कॉलेज के छात्रों ने जाना देश का गौरवशाली इतिहास

रोहतक। वैश्य महाविद्यालय रोहतक द्वारा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और व्यावहारिक ज्ञान के उद्देश्य से एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण का सफल आयोजन किया गया। इस यात्रा के दौरान महाविद्यालय के लगभग 60 विद्यार्थियों ने देश की राजधानी दिल्ली के विभिन्न ऐतिहासिक और राष्ट्रीय महत्व के स्थलों का अवलोकन किया। भ्रमण दल को महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. फूल सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि किताबी ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक अनुभव विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण में सहायक होता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि ऐसे भ्रमणों से विद्यार्थियों में राष्ट्रीय चेतना और सांस्कृतिक मूल्यों का विकास होता है। यहाँ की प्राकृतिक सुंदरता और फूलों की विविधता ने विद्यार्थियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। राष्ट्रीय शहीद स्मारक पर विद्यार्थियों ने देश के वीरों को नमन किया। विद्यार्थियों ने भारत की समृद्ध विरासत और विविध संस्कृति को एक ही स्थान पर प्रत्यक्ष रूप से देखा। भ्रमण दल के साथ डॉ. राजल गुप्ता, गीता गुप्ता, डॉ. संगीता गुप्ता, डॉ. रितु, डॉ. प्रतिभा, डॉ. मनीषा, डॉ. उन्मेष मिश्र, डॉ. पुरुषोत्तम, मनोज गर्ग, डॉ. हिमांशु और रमन शर्मा उपस्थित रहे।

# हिंदू महाविद्यालय में विश्व सामाजिक न्याय दिवस पर विशेष व्याख्यान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

■ छात्र कल्याण प्रकोष्ठ और डीएलएसए रोहतक के कार्यक्रम में विद्यार्थियों को कानून और समान अधिकारों की दी जानकारी

श्री लाल नाथ हिंदू महाविद्यालय में छात्र कल्याण प्रकोष्ठ, कानून साक्षरता प्रकोष्ठ एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डीएलएसए) के संयुक्त तत्वावधान में विश्व सामाजिक न्याय दिवस के उपलक्ष्य में विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. तरन्नुम खान उपस्थित रही। मुख्य वक्ता एडवोकेट शशिकांत सहगल ने विद्यार्थियों को डीएलएसए द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं और उनके टोल नंबरों की जानकारी दी। डॉ. तरन्नुम खान ने विद्यार्थियों से पुरुष और स्त्री को मिलने वाले समान अधिकारों पर चर्चा की और बताया कि कैसे कानून की जानकारी हासिल कर वे स्वयं और दूसरों की मदद कर सकते हैं। मंच संचालन डॉ. रीना कत्याल ने किया। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार तनेजा ने मुख्य अतिथि और टीम सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि विश्व सामाजिक न्याय दिवस का उद्देश्य सामाजिक न्याय, लैंगिक समानता, बेरोजगारी और मानवाधिकार पर जागरूकता बढ़ाना है, ताकि समाज में हर व्यक्ति अपने आत्मसम्मान के साथ जीवन जी सके। इस अवसर पर डॉ. अंजू देशवाल, डॉ. रजनी कुमारी, डॉ. संदीप कादयान, डॉ. सुमित कुमारी, डॉ. सीमा, डॉ. चित्रा, डॉ. संदीप, डॉ. सुमित आदि मौजूद रहे।

### एआई व मानवीय मूल्य सम्मेलन में जुटेंगे शिक्षाविद

रोहतक। तकनीकी क्रांति और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के इस दौर में मानवीय संवेदनाओं और नैतिक मूल्यों को अक्षुण रखने के उद्देश्य से दिल्ली में अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन होने जा रहा है। अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ, शैक्षिक फाउंडेशन और दीन दयाल उपाध्याय कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में होगा। सम्मेलन का मुख्य विषय 'डिजिटल समाज और मानवीय मूल्य: कृत्रिम बुद्धिमत्ता के युग में एकात्म मानव दर्शन की प्रासंगिकता' रखा गया है। अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रो. नारायण लाल गुप्ता ने बताया कि इस सम्मेलन में भारत सहित विश्व के 800 से अधिक शिक्षाविद्, वैज्ञानिक और नीति-निर्धारक हिस्सा लेंगे।



प्रो . नारायण लाल गुप्ता

# अथर्व आयुर्वेद में 6 से शुरू होगा योग ट्रेनिंग प्रोग्राम

■ 6 मार्च से रोहतक में योग और आयुर्वेदिक स्वास्थ्य सेशंस शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक





अथर्व आयुर्वेद में शुक्रवार को एक विशेष बैठक आयोजित की गई, जिसमें डॉ. संजीव मदान, डॉ. प्रिंस गिरोत्रा, डॉ. डेनिश, डॉ. कृति और सपना सैनी ने भाग लिया। बैठक का मुख्य एजेंडा हरियाणा और रोहतक में पहली बार आयोजित होने वाले प्रोग्राम पर चर्चा करना था। इस मौके पर डॉ. संजीव मदान ने बताया कि रोहतक में पहली बार एक अंतरराष्ट्रीय योग ट्रेनर आयुर्वेदिक हॉस्पिटल में ट्रेनिंग देने आ रही हैं। न्यूजीलैंड में जन्मी एमी, अंतरराष्ट्रीय योग ट्रेनर हैं और हठयोग व विन्यास योग दोनों की विशेषज्ञ हैं। अथर्व आयुर्वेद में एमी लगभग दो महीने तक रहकर योग सेशंस आयोजित करेंगी। डॉ. मदान ने बताया कि योग स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है, लेकिन इस प्रोग्राम में केवल सामान्य योग ही नहीं बल्कि अलग-अलग रोगों के अनुसार कौन सा योग, आसन और क्रिया लाभदायक होगी, इसका फॉर्मेट विशेषज्ञों द्वारा तैयार किया गया है। प्रोग्राम में स्त्री रोगों जैसे पीसीओडी, इन्फर्टिलिटी, पीरियड्स की समस्या और प्रेग्नेंसी के लिए विशेष मॉड्यूल भी शामिल हैं। महिलाओं के लिए अलग सेशन का भी प्रावधान किया गया है, जिससे उनकी स्वास्थ्य समस्याओं पर ध्यान केंद्रित किया जा सके। रोहतक वासियों के लिए यह सौभाग्य की बात है कि यह अनूठा प्रोग्राम 6 मार्च से शुरू होने जा रहा है।

# ट्रैक्टर अनुदान के लिए जिले के 9 किसानों का ऑनलाइन ड्रॉ के माध्यम से हुआ चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा वर्ष 2025-26 के दौरान एसबी-89 योजना के अंतर्गत अनुसूचित जाति के किसानों को 45 हॉर्स पावर या अधिक क्षमता के ट्रैक्टर पर अनुदान उपलब्ध कराने के लिए उप-मंडल अधिकारी (नागरिक) आशीष कुमार की अध्यक्षता में जिला स्तरीय कार्यकारी समिति द्वारा ऑनलाइन ड्रा निकाला गया। जिला में कुल 9 अनुसूचित जाति के किसानों का चयन ऑनलाइन ड्रॉ के माध्यम से किया गया। ड्रा प्रक्रिया में पूर्ण पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए संपूर्ण कार्यवाही की वीडियोग्राफी भी करवाई गई।

### 164 आवेदन हुए प्राप्त

उप-मंडल अधिकारी आशीष कुमार ने कहा कि कृषि एवं किसान कल्याण विभाग की ओर से जिला में कुल 164 आवेदकों की सूची ऑनलाइन माध्यम से प्राप्त हुई थी, जबकि जिला को 9 ट्रैक्टर अनुदान पर देने का लक्ष्य प्राप्त हुआ था। इसी के अनुरूप पात्र लाभार्थी किसानों का चयन ऑनलाइन ड्रा के माध्यम से किया गया। उन्होंने चयनित किसानों को निर्देश देते हुए कहा कि वे अपने सभी आवश्यक दस्तावेज जैसे ऑनलाइन आवेदन की स्लिप, अनुसूचित जाति प्रमाण पत्र, फैमिली आईडी, 'मेरी फसल मेरा ब्यौरा' पंजीकरण, आधार कार्ड, पैन कार्ड, बैंक खाते की प्रति तथा जमीन की पटवारी रिपोर्ट सहायक कृषि अभियंता, रोहतक कार्यालय में शीघ्र जमा करवाएं। इस अवसर पर मदन लाल, महावीर प्रसाद, संदीप सिंह, हरीश कुमार, केवीके की वैज्ञानिक डॉ. मीनाक्षी सांगवान सहित संबंधित अधिकारी एवं आवेदक किसान उपस्थित रहे।



रोहतक। विजेता टीम को सम्मानित करते खेल निदेशक डॉ. शकुंतला बेनीवाल ।

### महिला रग्बी प्रतियोगिता में टीका राम गर्ल्स कॉलेज प्रथम

रोहतक। महर्षि दयानन्द यूनिवर्सिटी के खेल परिसर में अंतर महाविद्यालय महिला रग्बी प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न महाविद्यालयों की टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन किया। रोमांचक मुकाबलों के बाद टीका राम गर्ल्स कॉलेज,सोनीपत ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विजेता ट्रॉफी अपने नाम की। एमकेजेके रोहतक की टीम द्वितीय स्थान पर रही, जबकि राजकीय महाविद्यालय महम ने तृतीय स्थान हासिल किया। समापन अवसर पर विश्वविद्यालय की खेल निदेशक डॉ. शकुंतला बेनीवाल ने विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी और पदक प्रदान कर सम्मानित किया।

TOP-IN-TOWN रोहतक बाजार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें: विज्ञापन विभाग, हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
मो. 9996959400, 9996985800, 9996965600, 9996954600

MANSAROVER HOSPITAL
MULTI SUPER SPECIALITY HOSPITAL
NEAR PNB BANK, OPP. VIKAS NAGAR, SONIPAT ROAD, ROHTAK, HARYANA
RECEPTION: 01262-253500, 9053005599, 9254302848
REQUIRES
- BAMS 2
- RMO 2
- PRO 2
- NURSING STAFF 4
- ACCOUNTANT 1
- COMPUTER OPERATOR 2
- RECEPTION 2
- WARD BOY 4
- SWEEPER 2


जय श्री बाला जी महाराज
SHRI BALA JI INSTITUTE OF PARAMEDICAL SCIENCE
DR. S.K. SAINI Director
AUTHORIZED ADMISSION CENTRE OF SUGUNA SCHOOL OF NURSING BANGLORE
BHUVAN SCHOOL OF NURSING, DR. K.T.V. BANGLORE
पिछले 25 वर्षों से लगातार जनसेवा में कार्यरत संस्थान। सीमित सीटें। पहले आयें- पहले पायें छात्रावास सुविधा उपलब्ध
DIPLOMA IN G.N.M. (MIF)
योग्यता :- 12th किसी भी विषय में) अवधि :- 3½ वर्ष कुल सीटें :- 60 दाखिला फीस - 25000/year परीक्षा स्थान :- बैंगलोर
DIPLOMA IN PHARMACY
योग्यता:- 12th साईस अवधि:- 2 वर्ष सीटें :- 60 दाखिला फीस: 25000/- year परीक्षा स्थान :- बैंगलोर
नियमित कक्षायें ऑनलाईन व ऑफलाईन दोनों मोड़ में। 5000 Rs मासिक फीस देकर निश्चित सफलता के साथ कोर्स पूरा करें। आज ही अपने प्रमाष-पत्रों के साथ आकर मिले।
DR. S.K. SAINI (Director)
9254233221
रोहतक:- 41/29, चाणक्य पुरी, शीला सिनेमा के पीछे
बहादुरगढ़ :- पिल्लर नं. 851 के सामने, पुराना बराही रोड पर।
सोनीपत :- HDF C बैंक के सामने, छोटू राम चौक।

कार्यक्रम

## बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय में 7 दिवसीय संकाय विकास कार्यक्रम संपन्न

21वीं सदी में राष्ट्र निर्माता के रूप में शिक्षक की पुनर्कल्पना विषय पर हुआ कार्यक्रम

# डिजिटल शिक्षण की गुणवत्ता व युवाओं में उद्यमिता पर हुई चर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग एवं शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित सात दिवसीय संकाय विकास कार्यक्रम का समापन गंभीर विमर्श और संकल्प के साथ हुआ। "21वीं सदी में राष्ट्र निर्माता के रूप में शिक्षक की पुनर्कल्पना: डिजिटल रूपांतरण, नैतिक नेतृत्व और समग्र कल्याण" विषय पर आधारित इस कार्यक्रम में देशभर से 250 से अधिक शिक्षकों, प्राध्यापकों और शोधार्थियों ने भाग लिया।सात दिनों तक चले इस कार्यक्रम में नई शिक्षा नीति 2020 के परिप्रेक्ष्य में समावेशी शिक्षा, भारतीय शिक्षा की समग्र अवधारणा, संस्कार व्यवस्था, सामाजिक उत्थान में शिक्षक की भूमिका, पंचकोश आधारित आत्म-विकास, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और शिक्षा, डिजिटल शिक्षण की गुणवत्ता तथा युवाओं में उद्यमिता विकास जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। वक्ताओं ने कहा कि बदलते समय में शिक्षक को ज्ञानदाता से आगे बढ़कर समाज के नैतिक मार्गदर्शक और नवाचार के प्रेरक के रूप में सामने आना होगा। समापन सत्र में कुलगुरु प्रो. बीएम यादव ने कहा कि शिक्षा केवल पाठ्यक्रम तक सीमित नहीं है, बल्कि यह व्यक्ति के चरित्र, दृष्टिकोण और सामाजिक जिम्मेदारी को आकार देती है। उन्होंने कहा कि 21वीं सदी में शिक्षक की भूमिका और अधिक महत्वपूर्ण हो गई है, क्योंकि तकनीक के प्रसार के बीच मानवीय मूल्यों को बनाए रखना सबसे बड़ी चुनौती है। उन्होंने प्रतिभागियों से आग्रह किया कि वे कक्षा में ज्ञान के साथ संस्कार और संवेदनशीलता का भी संचार करें, ताकि विद्यार्थी केवल सफल पेशेवर ही नहीं, बल्कि जिम्मेदार नागरिक बन सकें।

### शिक्षक अकादमिक और तकनीकी स्तर पर सशक्त बनें

कुलसचिव प्रो. विनोद कुमार ने कहा कि डिजिटल युग में शिक्षा की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए शिक्षकों को निरंतर स्वयं को अद्यतन करना होगा। उन्होंने इस प्रकार के संकाय विकास कार्यक्रमों को समय की आवश्यकता बताते हुए कहा कि विश्वविद्यालय का प्रयास है कि शिक्षकों को अकादमिक और तकनीकी दोनों स्तरों पर सशक्त बनाया जाए। शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास, प्रो. हितेंद्र त्यागी, प्रांत संयोजक डॉ. देवी भूषण तथा कार्यक्रम अध्यक्ष प्रो. सतहंस और प्रो. इप्शिता ने भी अपने विचार रखे और कार्यक्रम को शिक्षकों के बौद्धिक तथा नैतिक विकास की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया।

## शहर में आज

- बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय में महंत बालकनाथ योगी की प्रेसवार्ता सुबह 11 बजे
- आंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर का आयोजन
- जाट शिक्षण संस्था बचाओ समिति की ओर से प्रेसवार्ता जाट भवन, सेक्टर एक में तीन बजे
- विकास भवन में परिवेदना समिति की मीटिंग में सुनी जाएंगी समस्याएं

## खबर संक्षेप

### अवैध देसी पिस्तौल सहित युवक काबू

**महम।** महम पुलिस ने एक युवक को अवैध देसी पिस्तौल समेत गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी की थी। पुलिस को सूचना मिली थी कि महम में बाइपास पर स्थित बेरी रोड पुल के नीचे सफेद रंग की स्कार्पियो गाड़ी खड़ी है। वहां पर एक युवक के पास अवैध हथियार है। पुलिस ने सूचना के आधार पर मौके पर पहुंचकर जांच की तो किशनगढ़ गांव निवासी दीपक पुत्र महेंद्र के सिंह के पास से एक देसी पिस्तौल मिली। पिस्तौल के अंदर एक रोंद भी मिला। पुलिस ने दीपक से हथियार का लाइसेंस मांगा तो वह लाइसेंस नहीं दिखा सका। इस संबंध में पुलिस ने उसके खिलाफ केस दर्ज कर और उसको गिरफ्तार कर लिया है व पिस्तौल को कब्जे में ले लिया है।

### अवैध हथियार के साथ युवक गिरफ्तार



**रोहतक।** पुलिस ने गश्त के दौरान एक युवक को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी के कब्जे से एक देसी पिस्तौल और एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। पकड़े गए युवक की पहचान दीपक पुत्र महेंद्र निवासी किशनगढ़, महम के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। प्रभारी एवीटी एवं पीओ स्टाफ उप निरीक्षक रामबीर कुमार ने बताया कि सहायक उप निरीक्षक सज्जन के नेतृत्व में पुलिस टीम महम-भिवानी रोड आउटर बाईपास, महम क्षेत्र में गश्त पर थी। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने महम बाईपास रोड स्थित बेरी रोड फ्लाईओवर के पास पहुंचकर संदिग्ध युवक को रोककर पूछताछ की। युवक की गतिविधियां संदिग्ध प्रतीत होने पर नियमानुसार उसकी तलाशी ली गई।

# जन स्वास्थ्य विभाग ने डीपीआर तैयार कर मुख्यालय भेजी, मिलेगी राहत

# गढ़ी बोहर में 15 एकड़ में बनेगा नया जलघर

**रोहतक की एक लाख आबादी को मिलेगा पानी**

छह करोड़ रुपये से जलापूर्ति व्यवस्था होगी और मजबूत

- कई साल से प्रस्तावित है पांचवें जलघर की योजना
- नगर निगम हाउस की मीटिंग में भी छाया रहा है मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

शहर में पीने के पानी की किल्लत दूर करने के लिए बड़ा फैसला लिया गया है। सोनीपत रोड स्थित गढ़ी बोहर क्षेत्र में 15 एकड़ भूमि पर नए जलघर के निर्माण की योजना को जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग ने अंतिम रूप देते हुए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार कर मुख्यालय को भेज दी है। करीब छह करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले इस जलघर से शहर की बढ़ती आबादी को लंबे समय तक राहत मिलने की उम्मीद है। एक लाख से अधिक लोगों की इस जलघर से प्यास बुझेगी।

वर्तमान में शहर में चार जलघर संचालित हो रहे हैं, जो लगभग छह लाख की आबादी को पेयजल उपलब्ध करा रहे हैं। हालांकि जनसंख्या वृद्धि और शहरी विस्तार के कारण मौजूदा संसाधनों पर दबाव लगातार बढ़ता जा रहा है। गर्मियों के मौसम में कई इलाकों में पानी की किल्लत की शिकायतें सामने आती रही हैं। लोगों को पानी की डिमांड पूरी करवाने के लिए धरने, प्रदर्शन और रोड जाम तक करने पड़ जाते हैं। ऐसे में गढ़ी बोहर में प्रस्तावित नया जलघर शहर की जलापूर्ति व्यवस्था को मजबूत करेगा। जन स्वास्थ्य विभाग और प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा गढ़ी बोहर क्षेत्र में चयनित 15 एकड़ भूमि जलघर निर्माण के लिए उपयुक्त मानी गई है। जेएलएन नहर काफी पास है। यहां पानी के भंडारण, शुद्धिकरण और वितरण की आधुनिक सुविधाएं विकसित की जाएंगी। परियोजना के तहत बड़े भंडारण टैंक, पंपिंग स्टेशन और पाइपलाइन नेटवर्क को सुदृढ़ करने की योजना है। इससे न केवल शहर के पुराने इलाकों बल्कि नए विकसित हो रहे सेक्टरों को भी पर्याप्त जलापूर्ति सुनिश्चित की जा सकेगी।



### विधानसभा में हुई थी घोषणा

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने करीब दो माह पहले हरियाणा विधानसभा में रोहतक में नए जलघर के निर्माण की घोषणा की थी। यह परियोजना नगर निगम की सरकारी जमीन पर प्रस्तावित है। इसके लिए निगम को संबंधित भूमि जन स्वास्थ्य विभाग को हस्तांतरित करनी होगी। घोषणा के बाद विभाग ने तेजी दिखाते हुए डीपीआर तैयार कर स्वीकृति के लिए भेज दी है।

### कई साल से चल रही प्लानिंग

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि पिछले कई वर्षों से इस क्षेत्र में जलघर निर्माण को लेकर चर्चाएं चलती रही हैं, लेकिन अब जाकर योजना ने ठोस रूप लिया है। अधिकारियों के मुताबिक, मुख्यालय से स्वीकृति मिलते ही टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी और निर्माण कार्य चरणबद्ध तरीके से पूरा किया जाएगा। आने वाले वर्षों में रोहतक की आबादी में और वृद्धि होगी। ऐसे में जल संसाधनों का वैज्ञानिक प्रबंधन बेहद जरूरी है। नया जलघर न केवल वर्तमान जरूरतों को पूरा करेगा बल्कि भविष्य की मांग को भी ध्यान में रखकर डिजाइन किया जा रहा है। यह मामला नगर निगम हाउस की मीटिंग में कई बार छाया रहा है। रोहतक के पूर्व मेयर मनमोहन गोयल भी इस मामले को काफी बार उठा चुके हैं। नगर निगम और जन स्वास्थ्य विभाग के बीच भूमि हस्तांतरण की प्रक्रिया पूरी होते ही परियोजना को औपचारिक मंजूरी मिलने की संभावना है। यदि सभी प्रशासनिक प्रक्रियाएं समय पर पूरी हो जाती हैं तो जल्द ही गढ़ी बोहर में जलघर निर्माण कार्य शुरू हो सकता है।

### यह है अलग-अलग जलघरों की क्षमता

**मानसरोवर पार्क**

- जलाशय एक क्षमताः 55734600 लीटर
- जलाशय दो क्षमताः 55764800 लीटर
- जलाशय तीन क्षमताः 101515050 लीटर
- कुल क्षमता 21,30,14,450 लीटर।

**सोनीपत रोड (बोहर नाका)**

- जलाशय एक क्षमताः 54772000 लीटर
- जलाशय दो क्षमताः 89709000 लीटर
- जलाशय तीन क्षमताः 81600000 लीटर
- जलाशय चार क्षमताः 84672000 लीटर
- कुल क्षमता-31,07,53,000 लीटर।

**देव कॉलोनी**

- जलाशय एक क्षमताः : 14008311 लीटर
- जलाशय दो क्षमताः 8841705 लीटर
- कुल क्षमता क्षमताः 2,28,50,016 लीटर।

**झज्जर रोड**

- जलाशय एक क्षमताः 160747200 लीटर
- जलाशय दो क्षमताः 130037250 लीटर
- जलाशय तीन क्षमताः 71440000
- लीटर कुल क्षमता-36,22,24,450।



रोहतक। परीक्षा केंद्र से पेपर देकर बाहर आते विद्यार्थी।

**समय प्रबंधन में उलझे परीक्षार्थी**

# 12वीं फिजिक्स परीक्षाः कठिन न्यूमेरिकल्स ने छुड़ाए पसीने

**रोहतक।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की ओर से शुक्रवार को आयोजित 12वीं कक्षा की फिजिक्स (भौतिक विज्ञान) की परीक्षा ने विद्यार्थियों को खासा पसीना छुड़ाया। रोहतक के 24 परीक्षा केंद्रों पर हुई इस परीक्षा में प्रश्न पत्र का स्वरूप उम्मीद से अधिक गणनात्मक (न्यूमेरिकल्स) रहा, जिसके चलते कई छात्र अपना पूरा पेपर हल करने में भी असमर्थ रहे। परीक्षा देकर केंद्रों से बाहर निकले विद्यार्थियों के चेहरों पर मिली-जुली प्रतिक्रिया देखने को मिली। अधिकांश छात्रों का कहना था कि सेक्शन-सी में पूछे गए तीन-तीन अंकों के न्यूमेरिकल सवालों ने उन्हें काफी उलझाया। ये सवाल न केवल कठिन थे, बल्कि इन्हें हल करने में समय भी बहुत अधिक लगा। उन्होंने बताया कि पेपर पूरी तरह एनसीईआरटी पर आधारित था, लेकिन न्यूमेरिकल सवालों की अधिकता के कारण अन्य प्रश्नों के लिए समय कम पड़ गया। विद्यार्थियों ने बताया कि न्यूमेरिकल्स को हल करने में काफी समय बर्बाद हुआ, जिससे लंबे उत्तर वाले सवालों के लिए समय प्रबंधन करना मुश्किल हो गया। हालांकि, मॉडर्न फिजिक्स के खंड को छात्रों ने तुलनात्मक रूप से आसान बताया।



रोहतक। मांगों के लिए प्रदर्शन करते एचएसईबी वर्कर यूनियन के सदस्य।

# बिजली कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

**रोहतक।** एचएसईबी वर्कर यूनियन की केंद्रीय परिषद के आह्वान पर निगम मैनेजमेंट द्वारा अस्थाई कर्मचारियों की टेंपरेरी आईडी बनाने व समान काम समान वेतन की विसंगति को लेकर सब यूनिट नंबर 3 में विरोध प्रदर्शन यूनिट प्रधान अमित कुमार की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें सिटी यूनिट से वरिष्ठ प्रधान यज्ञ मित्र डांगी, यूनिट में संगठन कर्ता दिनेश कुमार लाइनमैन, सब यूनिट से सहसचिव मदन एलडीसी, कैशियर रवि कर्ण, संत कुमार यूडीसी, प्रवीण, अनीश कुमार, सुनील कुंडू लाइनमैन मनोज कुमार लाइनमैन, रुपिन एलडीस, प्रवीण फोगाट तथा सब यूनिट नंबर 3 के सभी कर्मचारियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया।

# शादी समारोह के दौरान कार में तोड़फोड़

**गोशाला के पास खड़ी गाड़ी के तीन शीशे तोड़े, पुलिस ने शुरू की जांच**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

शहर में एक बार फिर पार्किंग में खड़ी कार को निशाना बनाने का मामला सामने आया है। सेक्टर-2 निवासी बिजेंद्र राठी की कार के शीशे अज्ञात शरारती तत्वों ने तोड़ दिए। घटना उस समय की है जब वे एक शादी समारोह में शामिल होने गए हुए थे। कार को समारोह स्थल के पास स्थित गोशाला के बाहर खड़ा किया गया था। पुलिस ने शिकायत के आधार पर जांच शुरू कर दी है।

### पुलिस ने किया निरीक्षण

सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। पुलिस ने कार के टूटे हुए शीशों की तस्वीरें लीं और आसपास के क्षेत्र की जांच शुरू कर दी। प्रारंभिक तौर पर मामला शरारती तत्वों द्वारा की गई तोड़फोड़ का प्रतीत हो रहा है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि घटना महज शरारत है या किसी अन्य उद्देश्य से की गई है। फिलहाल सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच आगे बढ़ाई जा रही है।





रोहतक। कार के टूटे हुए शीशे। फोटो : हरिभूमि

### पार्किंग न मिलने पर बाहर खड़ी की कार

जानकारी के अनुसार बिजेंद्र राठी वीरवार रात गोहाना रोड स्थित गरिमा गार्डन में आयोजित एक विवाह समारोह में शामिल होने पहुंचे थे। कार्यक्रम में मेहमानों की संख्या अधिक होने के कारण पार्किंग स्थल पर जगह नहीं मिल सकी। ऐसे में उन्होंने अपनी सफेद मारुति सेलेरियो कार को समारोह स्थल से सटी महंत राखी रानी गौशाला के गेट के पास खड़ा कर दिया। कार सुरक्षित स्थान पर होने का अंदेशा लगाते हुए वे कार्यक्रम में शामिल हो गए।

### सीसीटीवी फुटेज खंगालने में जुटी पुलिस

घटना के बाद पीड़ित ने स्थानीय पुलिस थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है ताकि आरोपियों की पहचान की जा सके। अधिकारियों का कहना है कि घटना स्थल के आसपास स्थित दुकानों, संस्थानों और निजी भवनों के कैमरों की रिकॉर्डिंग की जांच की जा रही है। यदि किसी संदिग्ध की गतिविधि कैमरे में कैद हुई है तो जल्द ही आरोपियों तक पहुंचा जा सकेगा।

### पार्किंग स्थलों पर बढ़ रहीं घटनाएं

रोहतक में हाल के महीनों में सार्वजनिक स्थानों पर खड़ी गाड़ियों के साथ तोड़फोड़ और चोरी की घटनाएं सामने आती रही हैं। कई मामलों में वाहन मालिकों ने शीशे तोड़कर सामान चोरी करने की शिकायतें भी दर्ज कराई हैं। घटनाओं से वाहन मालिकों में असंतोष और असुरक्षा की भावना बढ़ रही है। लोगों का कहना है कि सार्वजनिक कार्यक्रमों के दौरान पार्किंग व्यवस्था बेहतर होनी चाहिए ताकि वाहनों को सुरक्षित स्थान मिल सके।

### लौटने पर मिला नुकसान का पता

रात करीब 10:15 बजे जब बिजेंद्र राठी समारोह से लौटकर अपनी कार के पास पहुंचे तो गाड़ी की हालत देखकर हैरान रह गए। कार का पिछला शीशा पूरी तरह टूटा हुआ था, जबकि बाईं ओर के दोनों शीशे भी क्षतिग्रस्त मिले। उन्होंने तुरंत आसपास मौजूद लोगों को घटना की जानकारी दी। शादी समारोह में मौजूद एक पड़ोसी की मदद से डायल 112 पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी गई। घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों में भी चिंता का माहौल बन गया।

# सांपला में कार से 4.2 किलो सुल्फा बरामद

**उत्तराखंड से लाकर बेचने की तैयारी में था आरोपी सीआईए-1 की कार्रवाई**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

जिले के सांपला क्षेत्र में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक कार से 4 किलो 200 ग्राम सुल्फा बरामद किया है। यह कार्रवाई सीआईए-1 टीम ने गश्त के दौरान गुप्त सूचना के आधार पर की। पुलिस ने आरोपी को मौके पर काबू कर उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### गश्त के दौरान पकड़ी गई गाड़ी

जानकारी के अनुसार सीआईए-1 की टीम एएसआई अमित के नेतृत्व में सांपला पॉलिटेक्निक के पास नियमित गश्त पर थी। इसी दौरान पुलिस को एक संदिग्ध इको स्पोर्ट कार आती दिखाई दी।

गुप्त सूचना पहले ही मिल चुकी थी कि एक व्यक्ति नशीला पदार्थ लेकर इलाके में पहुंच सकता है। संदेह के आधार पर पुलिस टीम ने गाड़ी को रुकने का इशारा किया। नियमानुसार तलाशी लेने पर कार से 4 किलो 200 ग्राम सुल्फा बरामद हुआ। बरामदगी के बाद पुलिस ने चालक को मौके पर ही हिरासत में ले लिया।



रोहतक। पुलिस की गिरफ्त में आरोपित। फोटो : हरिभूमि

### आरोपी की पहचान

*पकड़े गए व्यक्ति की पहचान विनोद पुत्र रणबीर निवासी गांव गांधरा के रूप में हुई है। प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया कि वह सुल्फा उत्तराखंड से लेकर आया था। पुलिस के अनुसार आरोपी इस नशीले पदार्थ को स्थानीय स्तर पर बेचने की फिराक में था। हालांकि, यह अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है कि आरोपी ने यह माल किस व्यक्ति से खरीदा और उसे किसे सप्लाई किया जाना था। पुलिस इस पूरे नेटवर्क की कड़ियों को जोड़ने में जुटी है।*

# लाखनमाजरा को मिली रेल सुविधा दो पैसेंजर ट्रेनों का ठहराव 23 से

- दिल्ली–जींद रूट पर यात्रियों को राहत, पांच माह तक प्रायोगिक आधार पर चलेगी व्यवस्था

**रोहतक।** यात्रियों की लंबे समय से चली आ रही मांग को देखते हुए उत्तर रेलवे ने लाखनमाजरा (एलएनएमए) रेलवे स्टेशन पर दो पैसेंजर ट्रेनों के ठहराव को मंजूरी दे दी है। रेलवे की ओर से जारी आदेश के अनुसार ट्रेन संख्या 54031 दिल्ली–जींद पैसेंजर और 54024 जींद–दिल्ली पैसेंजर अब 23 फरवरी 2026 से लाखनमाजरा स्टेशन पर नियमित रूप से रुकेंगी। इस फैसले से क्षेत्र के हजारों यात्रियों को सीधा लाभ मिलने की उम्मीद है। रेलवे मुख्यालय, नई दिल्ली से जारी पत्र में स्पष्ट किया गया है कि फिलहाल यह ठहराव प्रायोगिक आधार पर दिया गया है। यदि यात्रियों की संख्या और टिकट बिक्री संतोषजनक रही तो इसे स्थायी रूप दिया जा सकता है। रेलवे प्रशासन ने संबंधित वाणिज्य विभाग को निर्देश दिए हैं कि पांच माह तक टिकटों की बिक्री और यात्री संख्या का आंकलन कर रिपोर्ट मुख्यालय को भेजी जाए। समय सारिणी के अनुसार 54024 जींद–दिल्ली पैसेंजर शाम 7:38 बजे लाखनमाजरा पहुंचेगी और एक मिनट के ठहराव के बाद 7:39 बजे रवाना होगी। वहीं 54031 दिल्ली–जींद पैसेंजर दोपहर 2:10 बजे स्टेशन पहुंचेगी और 2:11 बजे प्रस्थान करेगी। इस निर्णय से लाखनमाजरा तथा आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों, नौकरीपेशा लोगों, छोटे व्यापारियों और दैनिक यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी। अब उन्हें निकटवर्ती बड़े स्टेशनों तक अतिरिक्त दूरी तय नहीं करनी पड़ेगी।

# बहलबा गांव में सास-बहू पर हमला, पुराने मकान की ओर जाते समय रास्ते में घेरकर की मारपीट, तीन नामजद

**रोहतक।** गांव बहलबा में सास-बहू के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। दोपहर करीब एक बजे हुई इस घटना में दोनों महिलाओं को चोटें आई हैं। शिकायत के आधार पर पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना के बाद से पीड़ित परिवार में भय का माहौल बना हुआ है। शिकायतकर्ता शर्मिला पत्नी विजयपाल ने पुलिस को बताया कि वह अपने नए मकान से पुराने मकान की तरफ जा रही थी। उसी दौरान रास्ते में गांव के ही कुछ लोगों ने उन्हें रोक लिया। आरोप है कि नवीन पुत्र मांगे, सुनीता पत्नी मांगे और पूजा पत्नी संदीप ने अचानक उन पर हमला कर दिया। शर्मिला के अनुसार हमलावरों ने लाठी-डंडों से सिर और शरीर पर वार किए, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं। चोट लगने के कारण वह मौके पर ही बेहोश होकर जमीन पर गिर गईं। घटना अचानक होने से वह खुद को संभाल भी नहीं पाईं।

### पुत्रवधु भी हुई हमले की शिकार

मारपीट की आवाज सुनकर शर्मिला की पुत्रवधु प्रिया मौके पर पहुंची। जब वह अपनी सास को उठाकर सुरक्षित स्थान पर ले जाने लगी, तो आरोपियों ने उसके साथ भी धक्का-मुक्की और मारपीट की। शिकायत में बताया गया है कि आरोपियों ने दोनों महिलाओं को गालियां दीं और डराने-धमकाने की कोशिश की। पीड़ित पक्ष का कहना है कि हमलावरों ने खुलेआम धमकी दी कि वे दोनों घर में अकेली रहती हैं और उन्हें किसी दिन जान से मार देंगे। इस धमकी के बाद से दोनों महिलाएं दहशत में हैं।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

**पिछले साल खरीदा था 312173 मीट्रिक टन गेहूं, साल 2024 में की गई थी 2.95 लाख मीट्रिक टन**

# गेहूं खरीद के साथ ही 72 घंटे में भुगतान की भी हो तैयारी, भीगने से बचाना जरूरी

इंतजाम न होने की वजह से हर साल मंडियों में भीगती फसलें

अमरजीत एस गिल ▶▶ रोहतक

गेहूं खरीद का सीजन शुरू होने में अभी सवा महीना शेष (एक अप्रैल में) है। अब प्रशासन की तरफ से खरीद को लेकर तैयारियां प्रारंभ हो जाएंगी। खरीद में जिन विभागों की ड्यूटी लगती है, उनके अधिकारियों की डीसी एक मीटिंग पिछले दिनों ले चुके हैं। खरीद सुचारू रूप से हो जाएगी।

इसमें कोई दोराय नहीं है, लेकिन यहां सवाल यह है कि क्या किसानों को सरकार 72 घंटे में गेहूं खरीद का भुगतान कर पाएगी। ऐसे में सरकार को भुगतान की व्यवस्था भी तय समय में करनी चाहिए। सरकार हर साल तीन दिन में भुगतान के दावे करती है। लेकिन ये ऐसा होता नहीं। किसानों के खातों में पैसा तब जमा होता है, जब उसका गेहूं गोदामों में पहुंच जाता है। गोदामों में पहुंचाने के बाद भी पमेंट में तीन दिन लगते हैं। अगर गोदाम में गेहूं पहुंचने में सप्ताह-दस दिन की देरी हो जाए तो पमेंट भी इतनी ही लेट होगी।

### गत सीजन में 8 दिन भीगी थी फसल

हर साल खरीद सीजन में बरसात होती है और किसान की मेहनत इंतजाम न होने की वजह से भीगती है। गत वर्ष 11 और 18 अप्रैल को तथा मई में 1, 3,4,7,13 और 24 को बरसात हुई थी। जिससे मंडियों में फसल भीगी। 25 मई को खरीद सीजन बंद हो गया था। ध्यान रहे कि रोहतक के अलावा महम, सांपला कलानौर तथा गांवों में बनाए गए 7-8 खरीद सेंटर से परचेज होती है, लेकिन गेहूं भीगने से बचाने के लिए इंतजाम नहीं होते हैं। कायदे से आढ़ती को तमाम व्यवस्थाएं करनी होती हैं, लेकिन वे करते नहीं। करें भी तो कितने इंतजाम करें। क्योंकि जब आवक में तेजी आती है तो मंडियों में तिल रखने की भी जगह शेष नहीं होती। इसी वजह से तिरपाल के इंतजाम हो नहीं पाते।




### गेहूं की पछेती किस्मों को फायदा

गत वर्ष सरकार ने जिले की मंडियों से 312173 मीट्रिक टन खरीद की गई थी। साल 2024 में 295000 मीट्रिक टन से किसानों से सरकारी गोदामों को ठसाठस भर दिया था। किसानों का कहना है कि सरकार ने ऐसे इंतजाम करने चाहिए कि गेहूं बिक्री के 72 घंटे में उन्हें भुगतान मिलना चाहिए। गेहूं की सही पैदावार के लिए जैसा मौसम चाहिए होता है, ऐसा फिलहाल तक बना हुआ है। पिछले दिनों जिले में हल्की-हल्की बूंदाबांदी भी हुई। जिससे गेहूं की पछेती किस्मों को अच्छा फायदा हुआ है। क्योंकि पछेती किस्मों से तब ही सही पैदावार होती है, जब ठंड देरी तक रहे। जिले में इस समय एक लाख 4 हजार हेक्टेयर में गेहूं लहलहा रही है। अगर मौसम आगे भी सही रहा तो तकरीबन साढ़े तीन लाख मीट्रिक टन गेहूं की पैदावार होने का अनुमान लगाया जा रहा है।

### सफाई की तैयारी

*मार्केट कमेटियों, खाद्य एवं पूर्ति विभाग तथा खरीद एजेंसियों के अधिकारियों को निर्देश दिए जा चुके हैं कि वे जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी के साथ मिलकर यह सुनिश्चित करें कि खरीद के दौरान सब सेंटरों पर पर्याप्त स्थान उपलब्ध रहें। आवश्यकता अनुसार सब सेंटरों के फर्श के साथ-साथ पेवर ब्लॉक लगाने तथा मंडियों में क्षतिग्रस्त सड़कों पर पैच वर्क करवाया जाये। सीजन के दौरान प्रयुक्त होने वाले सब सेंटरों का दौरा कर उपलब्ध स्थल को चिन्हित करें तथा यह सुनिश्चित किया जाये कि इन सब सेंटरों पर फसल बिक्री के लिए पर्याप्त जगह उपलब्ध हों। खरीद के साथ-साथ बारदाने की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए भी आवश्यक कदम उठाये जाये तथा गेहूं के भंडारण के लिए भी पर्याप्त व्यवस्था की जाये ताकि गेहूं खुले में न रहे।*



महम। भाजपा नेता अजीत अहलावत व गोरक्षा दल के पदाधिकारी पुलिस की मौजूदगी में झुग्गियों में रह रहे लोगों से पूछताछ करते हुए। फोटो : हरिभूमि

# अशोक नगर में रह रहे लोगों के पास असम की आईडी, छानबीन करने पहुंचे गोरक्षा दल के सदस्य

**महम।** अशोक नगर की झुग्गियों में रह रहे परिवारों के पहचान पत्रों की जांच के लिए शुक्रवार को गोरक्षा दल के पदाधिकारी पहुंचे। उनके साथ भाजपा नेता अजीत अहलावत भी मौजूद रहे। कूड़ा बीनने वाले और दिहाड़ी मजदूरी करने वाले इन लोगों के पास असम राज्य की आईडी मिली। गोरक्षा दल के महम अध्यक्ष सुनील ने कहा कि यदि ये लोग असम के रहने वाले हैं, तो इन्हें कोई कुछ नहीं कहेगा, ये लोग यहां रह सकते हैं। लेकिन यदि वे बांग्लादेशी हैं, उनको यहां नहीं रहने देंगे। इसी प्रकार भाजपा नेता अजीत अहलावत ने कहा कि संबंधित परिवारों पर वे दबाव नहीं बना रहे। यदि वे सच में ही भारतीय हैं, तो उन्हें डरने की जरूरत नहीं है। यदि जांच में पाया गया कि वे बांग्लादेशी हैं तो वे यहां नहीं रहने देंगे।